# राधा बन गई न्यायधीश और ललिता कप्तान लिरिक्स

राधा बन गई न्यायधीश,
और ललिता कप्तान,
के पकड़े गए कृष्ण भगवान,
के पकड़े गए कृष्ण भगवान।bd।

देखे – अरे माखन की चोरी छोड़।

---

एक दिन ग्वालिन के घर जाकर,
माखन खाने लगे चुराकर,
जग पड़ी वो चतुर गुजरिया,
पकड़े गए दोउ कान,
के पकड़े गए कृष्ण भगवान।bd।

---

माखन खाने लगे मुरारी,
अब ना चोरी करूँ तुम्हारी,
एक बात ना सुनी ललिता ने,
तुरत किया चालान,
के पकड़े गए कृष्ण भगवान।bd।

---

नन्द बाबा की खोरी जाकर,
मुजरिम पेश किया है लाकर,
कहे विधाता सुन मेरी मैया,
बहुत किया नुकसान,
के पकड़े गए कृष्ण भगवान।bd।

---

करी वकालत जब मनसुख ने,
झूठा केस बनाया इसने,
कहे विधाता सुन मेरी मैया,
मैं बालक नादान,
के छोड़े गए कृष्ण भगवान।bd।

---

राधा बन गई न्यायधीश,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

और ललिता कप्तान,
के पकड़े गए कृष्ण भगवान,
के पकड़े गए कृष्ण भगवान।bd।

स्वर – तृप्ति शाक्या।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com